आईआईएम रांची में हिन्दी पखवाड़ा मना

रांची । भारतीय प्रबंध संस्थान रांची में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। पखवाड़ा के समापन समारोह में शुक्रवार को निदेशक डॉ शैलेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

हिन्दी पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि रांची विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ जंग बहादुर पांडेय, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुस्तक प्रदान कर पुरष्कृत किया। आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार, अजय कुमार व द्वितीय पुरस्कार अविनाश आनंद व तृतीय पुरस्कार शैताब सिन्हा को मिला। छात्र/छात्राओं के वर्ग में प्रथम पुरस्कार अंकित सिंह, द्वितीय पुरस्कार सिद्धान्त रिचार्या व तृतीय पुरस्कार अरसीन कौर को मिला। कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सतीश कुमार, द्वितीय पुरस्कार अविनाश आनंद व तृतीय पुरस्कार नवल कुमार सिंह को मिला। छात्र/छात्राओं के वर्ग में प्रथम पुरस्कार दीपक कुमार, द्वितीय पुरस्कार आकाश दीप को मिला।

Hindustan, Page 04, 25.09.2021